## About the Book


यह किताब उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश लेखपाल मुख्य परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। यह एक पूरी तरह परीक्षा-आधारित Practice Sets Book है, जिसे लेखपाल मुख्य परीक्षा के नवीनतम सिलेबस और 2025 के संशोधित परीक्षा पैटर्न के अनुसार डिजाइन किया गया है। यह पुस्तक उम्मीदवारों को वास्तविक परीक्षा जैसा अभ्यास, प्रश्नों की गहरी समझ और उच्च स्कोर प्राप्त करने में प्रभावी सहायता प्रदान करती है।

**किताब की मुख्य विशेषताएँ –**

- यह किताब UP लेखपाल मुख्य परीक्षा को पूरी तरह कवर करती है।
- इसमें 15 प्रैक्टिस सेट्स दिए गए हैं, जो लेटेस्ट परीक्षा पैटर्न पर आधारित हैं।
- प्रत्येक प्रैक्टिस सेट में परीक्षा में पूछे जाने वाले सभी विषयों का संतुलित और सिलेबस-आधारित समावेश किया गया है।
- प्रश्नों का स्तर वास्तविक मुख्य परीक्षा के अनुरूप रखा गया है, जिससे उम्मीदवारों को रीयल एग्जाम फील मिलती है।
- प्रैक्टिस सेट्स को नवीनतम सिलेबस और 2025 परीक्षा पैटर्न के अनुसार तैयार किया गया है।
- OMR शीट्स शामिल होने से अभ्यर्थी परीक्षा जैसी परिस्थितियों में अभ्यास कर सकते हैं।
- नियमित अभ्यास से समय प्रबंधन, प्रश्न चयन और सटीकता में उल्लेखनीय सुधार होता है।
- यह पुस्तक उम्मीदवारों को कमजोर टॉपिक्स की पहचान करने और उन्हें मजबूत बनाने में सहायक है।
- परीक्षा के ट्रेंड और बार-बार पूछे जाने वाले टॉपिक्स को समझने में यह किताब बेहद उपयोगी है।
- QR Code के माध्यम से डिजिटल प्रैक्टिस सेट्स की सुविधा भी उपलब्ध है।

**UP लेखपाल मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए यह एक भरोसेमंद, स्कोर-बूस्टर और परिणाम-केंद्रित Practice Sets Book है, जो आत्मविश्वास बढ़ाने, सटीक अभ्यास करने और सफलता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।**

### अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें










Buy books at great discounts on: www.examcart.in | www.amazon.in/examcart |

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

CB2239

उत्तर प्रदेश लेखपाल मुख्य परीक्षा प्रैक्टिस सेट्स एवं सॉल्व्ड पेपर

ISBN - 978-93-7516-485-2

₹ 149

उत्तर प्रदेश लेखपाल मुख्य परीक्षा प्रैक्टिस सेट्स एवं सॉल्व्ड पेपर

CB2239

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित

# उत्तर प्रदेश लेखपाल मुख्य परीक्षा

## 15 प्रैक्टिस सेट्स*


16 December, 2025 के परीक्षा पैटर्न अनुसार

एवं 1 सॉल्व्ड पेपर (2022)

### 2025 परीक्षा पैटर्न

| भाग | विषय | प्रश्नों की संख्या/ कुल अंक | समयावधि/ योग |
|---|---|---|---|
| भाग-I | सामान्य अध्ययन | 30/30 | 2 घंटे (120 मिनट) / 100 प्रश्न/अंक |
| | ग्राम्य समाज एवं विकास | 5/5 | |
| | पर्यावरण पारिस्थितिकी एवं आपदा प्रबंधन | 10/10 | |
| | डाटा इंटरप्रिटेशन | 10/10 | |
| | सामान्य हिंदी | 10/10 | |
| भाग-II | कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाएँ एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान | 15/15 | |
| भाग-III | उत्तर प्रदेश राज्य से सम्बंधित सामान्य जानकारी | 20/20 | |

*5 Practice Sets available on QR Code




| Code | Price | Pages | ISBN |
|---|---|---|---|
| CB2239 | ₹149 | 134 | 978-93-7516-485-2 |

विषय सूची

# परीक्षा से संबंधित जानकारी
# (Exam Information)

**परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना (Important Information)**

(उत्तर प्रदेश लेखपाल मुख्य परीक्षा की सम्पूर्ण जानकारी एवं पुस्तक या किसी भी समस्या के लिए हमारा Helpline No.) **vi**

- पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न **vii**

## सॉल्व्ड पेपर

➢ हल प्रश्न-पत्र [परीक्षा तिथि : 31-07-2022] **1-13**

## प्रैक्टिस सेट्स

- **प्रैक्टिस सेट-1** ........ 1-5
- **प्रैक्टिस सेट-2** ........ 6-10
- **प्रैक्टिस सेट-3** ........ 11-15
- **प्रैक्टिस सेट-4** ........ 16-20
- **प्रैक्टिस सेट-5** ........ 21-25
- **प्रैक्टिस सेट-6** ........ 26-30
- **प्रैक्टिस सेट-7** ........ 31-35
- **प्रैक्टिस सेट-8** ........ 36-40
- **प्रैक्टिस सेट-9** ........ 41-45
- **प्रैक्टिस सेट-10** ........ 46-50
- 15 OMR Sheets

**11-15 तक के प्रैक्टिस सेट्स को देखने के लिए पेज नं. (iv) पर दिए गए QR Code को Scan करें।**

- **प्रैक्टिस सेट-11** ........ 51-55
- **प्रैक्टिस सेट-12** ........ 56-60
- **प्रैक्टिस सेट-13** ........ 61-65
- **प्रैक्टिस सेट-14** ........ 66-70
- **प्रैक्टिस सेट-15** ........ 71-75

## व्याख्यात्मक हल

- **प्रैक्टिस सेट 1–10** ........ 1-48
- **प्रैक्टिस सेट 11–15** ........ 49-73

**11-15 तक के व्याख्यात्मक हल को देखने के लिए पेज नं. (iv) पर दिए गए QR Code को Scan करें।**

## Extra Study Material e-book (Download this Free e-book)

### ई-बुक का Content :-


- 5 प्रैक्टिस सेट्स की ई-बुक
- Big Discount Coupon
  ('www.examcart.in' वेबसाइट से पुस्तकें खरीदते समय इन Coupon Code का इस्तेमाल करें और बेस्ट डिस्काउंट पाएँ।)

**Link Expire**
होने से पहले QR Code को स्कैन करके e-book को Download कर लें।

# ऐसी पुस्तकें जो कोई आपको बताना नहीं चाहता!

इन अनोखी पुस्तकों ने कई छात्रों को उनके पहले प्रयास में ही परीक्षा पास करने में मदद की है और हम जो कहते हैं, उसे साबित भी करते हैं—इसलिए हर पुस्तक के कुछ सैंपल चैप्टर दिए गए हैं। हम गारंटी देते हैं कि इन्हें पढ़ने के बाद आपको समझ आएगा कि ये पुस्तकें क्यों सबसे बेहतरीन हैं और क्यों इतने सारे छात्र इनसे सफल हुए हैं।

**नोट:** पढ़ने के लिए, किसी भी पुस्तक के पास दिए गए QR Code को स्कैन करें, उसके वेबसाइट पेज पर “View PDF” पर क्लिक करें। अगर पुस्तक पसंद आए, तो Extra Study Material ई-बुक में दिया गया डिस्काउंट कूपन इस्तेमाल करें और बेहतरीन डिस्काउंट भी पाएँ।




उत्तर प्रदेश लेखपाल हिंदी (Text Book)




उत्तर प्रदेश लेखपाल स्टडी बुक (Guide Book)




उत्तर प्रदेश लेखपाल कंप्यूटर (Question Bank)

Code

# L1

# उत्तर प्रदेश लेखपाल भर्ती परीक्षा

## प्रैक्टिस सेट

9 787368 906506

## सामान्य निर्देश :–

(i) ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक प्राप्त होने के उपरांत जब आपको निर्देशित किया जाए तो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में दिए हुए विवरण को नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से ध्यानपूर्वक भरें।

(ii) परीक्षा की अवधि **120** मिनट है एवं कुल **100** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में सही उत्तर के लिए **1** अंक है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **0.25** अंक काटा जाएगा।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए ओ.एम.आर उत्तर पत्रक पर केवल एक गोले को ही पूरी तरह नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से भरें। एक बार उत्तर अंकित किए जाने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।

(iv) पेन्सिल, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक यन्त्र का परीक्षा कक्ष में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

**नोट :** ओ.एम.आर. प्रैक्टिस सेट के बाद दी गई है।

### सामान्य अध्ययन

**1.** .......10 मंडलों में विभाजित 1,028 ऋचाओं का संग्रह है।

(A) यजुर्वेद (B) अथर्ववेद
(C) ऋग्वेद (D) सामवेद

**2.** भारतीय का नाम जो मोहनजोदड़ो की खोज के साथ जुड़ा था–

(A) आर. डी. बनर्जी
(B) आर. डी. चटर्जी
(C) डब्ल्यू. सी. बनर्जी
(D) एस. एन. बनर्जी

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

(A) वैशेषिक सूत्र – बदरायण
(B) ब्रह्मसूत्र – उलूक कणाद
(C) सांख्यकारिका – शंकर
(D) मीमांसा सूत्र – जैमिनी

**4.** राजा जयपाल और मोहम्मद गजनी के बीच पेशावर का युद्ध किस वर्ष में लड़ा गया था ?

(A) 1512 (B) 1001
(C) 1758 (D) 1205

**5.** वर्ष 1904 में भारत में "अभिनव भारत सोसाइटी" की स्थापना किसने की?

(A) विनायक दामोदर सावरकर
(B) बाल गंगाधर तिलक
(C) लाला लाजपत राय
(D) रासबिहारी बोस

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय राज्य बांग्लादेश और म्यांमार दोनों के साथ सीमा साझा करता है?

(A) मिजोरम (B) मणिपुर
(C) नागालैंड (D) असम

**7.** हिमालय, निम्नलिखित में से किस भूअभिनति (geosyncline) से ऊपर उठा है?

(A) अरावली भूअभिनति
(B) टेथिस भूअभिनति
(C) ऐपालेशियन भूअभिनति
(D) कैलेडोनियन भूअभिनति

**8.** भारत में, ओक (Oak) और चेस्टनट (chestnut) के पेड़ किस प्रकार के वन में पाए जाते हैं?

(A) मैंग्रोव वन
(B) पर्वतीय वन
(C) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(D) कंटक वन

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा हमारे सौरमंडल का बौना ग्रह (ड्वार्फ प्लैनेट) है।

(A) यूरोपा (B) कैलिस्टो
(C) मेकमेक (D) गैनिमीड

**10.** निम्नलिखित में से किस जल निकाय को महासागर की नर्सरी (nurseries of the ocean) के रूप में भी जाना जाता है?

(A) बाँध (B) नदमुख
(C) लैगून (D) दलदल

**11.** भारतीय संविधान के हस्ताक्षरकर्ताओं की कुल संख्या कितनी थी ?

(A) 264 (B) 256
(C) 272 (D) 284

**12.** निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को 1946 में भारत की संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है?

(A) महात्मा गाँधी
(B) बी.एन.राव
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) बी.आर.अम्बेडकर

**13.** भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद अपील के लिए उच्चतम न्यायालय की विशेष इजाजत से संबंधित है?

(A) 136 (B) 152
(C) 168 (D) 144

**14.** भारत में सशस्त्र बलों का सर्वोच्च सेनापति कौन है?

(A) सेना स्टाफ का मुखिया (COAS)
(B) भारत का प्रधानमंत्री
(C) भारत का राष्ट्रपति
(D) स्टाफ का संयुक्त अध्यक्ष (JCS)

**15.** किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम की पालना में, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आय 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष की गई है?

(A) 25वाँ संशोधन अधिनियम
(B) 45वाँ संशोधन अधिनियम
(C) 35वाँ संशोधन अधिनियम
(D) 15वाँ संशोधन अधिनियम

**16.** भारत में आर्थिक सुधारों के बाद से अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है?

(A) प्राथमिक
(B) द्वितीयक
(C) तृतीयक
(D) कोई भी विकल्प सही नहीं है

**17.** दोहरी गणना के परिणामस्वरूप, राष्ट्रीय आय ________ . होती है।

(A) अति प्राक्कलित
(B) सही–प्राक्कलित
(C) लेखांकन के पूरे वर्ष के लिए प्राक्कलित नहीं
(D) न्यून– प्राक्कलित

**18.** सूची-I के पदों का सूची-II के पदों से मिलान कीजिए।

| | राष्ट्रीय आय की माप | | सूत्र |
|---|---|---|---|
| i. | जीएनपी | a. | जीएनपी मूल्यह्रास |
| ii. | एनएनपी | b. | C. I. G. निवल निर्यात |
| iii. | जीडीपी | c. | जीडीपी मूल्यह्रास |

iv. एनडीपी d. जीडीपी विदेश निवल कारक आय

(A) i-d, ii-a, iii-b, iv – c
(B) i-c, ii-b, iii-d, iv – a
(C) i-b, ii-d, iii-a, iv – c
(D) i-a, ii-c, iii-d, iv – b

**19.** कौन-सी पंचवर्षीय योजना बुनियादी ढाँचे के विकास, यानी बिजली और परिवहन पर केंद्रित थी ?
(A) दूसरी (B) तीसरी
(C) पहली (D) चौथी

**20.** भारत में बेरोजगारी को निम्नलिखित द्वारा निर्धारित विधियों पर मापा जाता है–
(A) राष्ट्रीय रोजगार विभाग
(B) भारतीय रिजर्व बैंक
(C) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन
(D) राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज

**21.** केन्द्रीय धान अनुसन्धान संस्थान कहाँ अवस्थित है ?
(A) कटक (B) राजमुन्दरी
(C) शिमला (D) कोलकाता

**22.** उत्तर प्रदेश में सीमान्त कृषक किन्हें कहा गया है ?
(A) जिनके पास एक एकड़ से कम भूमि है
(B) जिनके पास एक हेक्टेयर से कम भूमि है
(C) जिनके पास दो हेक्टेयर से कम भूमि है
(D) जिनके पास 2.5 हेक्टेयर से कम भूमि है

**23.** भारतीय संस्कृति किससे जुड़ी है?
(A) अर्थ से
(B) अध्यात्म से
(C) काम से
(D) इनमें से किसी से नहीं

**24.** ''जातियाँ केवल ऐसे परिवार हैं जिन्हें जन्म से ही आर्थिक अनुष्ठानों में विभिन्न प्रकार के कार्य प्राप्त हैं।'' यह कथन है–
(A) होकार्ट का (B) नेसफील्ड का
(C) ब्लाण्ट का (D) मजूमदार का

**25.** ''साक्षात्कार एक ऐसी प्रविधि है जिसके द्वारा प्राथमिक तथ्यों का संकलन करने के लिए प्राप्त तथ्यों का सत्यापन भी किया जा सकता है।'' यह कथन–
(A) सत्य है (B) आंशिक सत्य है
(C) असत्य है (D) विवादपूर्ण है

**26.** आर्यभट्ट अंतरिक्ष में भारत का पहला कृत्रिम उपग्रह था, जिसे वर्ष _____ में प्रक्षेपित किया गया था।
(A) 1925 (B) 1990
(C) 1975 (D) 1995

**27.** निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल (surface-to-surface missile) है?
(A) एआईएम-120 (B) जेवेलिन
(C) अग्नि-V (D) स्पाइक

**28.** मिड एयर रीफ्यूलिंग (हवा में ईंधन भराई) के बिना एक बार में ब्रह्मोस से लेस सुखोई-30 की रेंज कितने किलोमीटर है?
(A) 1500 किमी. (B) 3000 किमी.
(C) 2000 किमी. (D) 1000 किमी.

**29.** निम्नलिखित में से कौन–सा विकल्प भारत की पहली स्वदेशी एंटी–न्यूक्लियर मेडिकल किट का हिस्सा नहीं है?
(A) एंटी गामा किरण त्वचा मरहम
(B) प्रुशियन नीली गोली
(C) Ca–EDTA साँस लेने संबंधी द्रव्य
(D) लवणयुक्त घोल

**30.** इंटरनेट और फैक्स के माध्यम से वस्तुओं के क्रय–विक्रय के लिए उपलब्ध सुविधा का नाम बताएं।
(A) टेलीफोन सेवा (B) डाक सेवा
(C) टेलीविजन (D) ई–कॉमर्स

**31.** कम्प्यूटर के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन गलत है ?
(A) यह एक लॉजिकल मशीन है और सूचना को प्रोसेस करती है।
(B) इसने जो भी कोई सूचना स्टोर की है, यह उस तक पहुँच सकता है।
(C) इसमें कोई भावावेग नहीं होता, इसकी अपनी कोई भावना या चाहत नहीं होती है।
(D) यह अप्रतिबन्धित ढंग से अपनी सूचना तक पहुँच सकता है।

**32.** पहले इलेक्ट्रॉनिक अंकीय कम्प्यूटर (Electronic Digital Computer) में क्या था?
(A) ट्रांजिस्टर (B) वाल्व
(C) कोड स्मृति (D) अर्द्धचालक स्मृति

**33.** कम्प्यूटर स्क्रीन पर आने वाला वह मैसेज जो ऑपरेटर से इन्फॉर्मेशन या कमांड एन्टर करने का निवेदन करता है :
(A) बाइट (B) कैरेक्टर
(C) इनपुट डिवाइस (D) प्रोम्प्ट

**34.** प्रोग्राम या इलेक्ट्रॉनिक निर्देशों के सेट को क्या कहते हैं जो कम्प्यूटर को बताता है कि क्या करना है?
(A) मेनू (B) मॉनीटर
(C) हार्डवेयर (D) सॉफ्टवेयर

**35.** निम्न में से कौन–सा इनपुट यूनिट से नहीं जुड़ता है ?
(A) यह बाहरी दुनिया से डाटा स्वीकार करता है।
(B) यह डाटा को बाइनरी कोड में बदलता है जिसे कम्प्यूटर समझता है।
(C) यह बाइनरी डाटा को मानव द्वारा पढ़े जाने वाले रूप में बदलता है जिसे प्रयोक्ता समझ सकते हैं।
(D) यह आगे प्रोसेसिंग के लिए डाटा को बाइनरी रूप में कम्प्यूटर में भेजता है।

**36.** कम्प्यूटर डाटा की सबसे छोटी इकाई है–
(A) बाइट (B) बिट
(C) रिकॉर्ड (D) फाइल

**37.** एक बिट डाटा के संग्रह के लिए किस सर्किट का प्रयोग होता है ?
(A) रजिस्टर (B) फ्लिप फ्लॉप
(C) वेक्टर (D) एनकोडर

**38.** कम्प्यूटर में डाटा का किस रूप में भण्डारण होता है?
(A) ऑक्टल (B) हेक्सा–डेसीमल
(C) डेसीमल (D) बाइनरी

**39.** बाइनरी संख्या 101010.0112 का दशमलव प्रतिनिधित्व है–
(A) 42.25 (B) 24.25
(C) 24.375 (D) 42.375

**40.** GUI आधारित प्रचालन तंत्र निम्नलिखित में से क्या है/हैं?
(A) एमएस डॉस (B) एमएस विण्डोज
(C) यूनिक्स (D) ये सभी

**41.** विण्डोज एक ...... है।
(A) प्रोग्रामिंग भाषा
(B) ग्राफिक्स यूजर इंटरफेस
(C) ऑपरेटिंग प्रणाली
(D) तारीख अंतरण प्रोटोकॉल

**42.** निम्नलिखित में से कौन एमएस ऑफिस का वर्जन नहीं है?
(A) MS-2000 (B) MS-2003
(C) MS-VISTA (D) MS-2007

**43.** एसिस्टेंट क्या है?
(A) एक एप्लिकेशन जिसमें आप नोट्स ले सकते हैं और उसे एक फाइल में सेव कर सकते हैं
(B) सहायता और सुझाव देने वाला एक एनिमेटेड कैरेक्टर
(C) स्टेंडर्ड टूलबार पर एक बटन जो प्रिंट कमाण्ड को एक्जीक्यूट करता है
(D) डिक्शनरी फाइल में पायः गलत वर्तनी कर देने वाले शब्दों का संग्रह

**44.** भारत में UPI (Unified Payments Interface) को विकसित करने वाली संस्था कौन सी है?
(A) भारतीय रिजर्व बैंक
(B) नीति आयोग
(C) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI)
(D) वित्त मंत्रालय

**45.** AEPS (Aadhaar Enabled Payment System) के माध्यम से लेनदेन के लिए क्या अनिवार्य है?
(A) डेबिट कार्ड
(B) आधार संख्या और बायोमेट्रिक
(C) केवल पिन कोड
(D) ईमेल आईडी

## सामान्य ज्ञान

**46.** उत्तर प्रदेश का राज्य पशु कौन-सा है?
(A) मत्स्य-विडाल (फिशिंग कैट)
(B) लाल पांडा
(C) चश्माधारी बंदर
(D) बारहसिंगा (दलदल का मृग)

**47.** उत्तर प्रदेश राज्य तकनीक शिक्षा और प्रशिक्षण बोर्ड की स्थापना किस वर्ष में की गई?
(A) 1946 (B) 1958
(C) 1983 (D) 1980

**48.** स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री कौन थे ?
(A) पंडित गोविंद बल्लभ पंत
(B) श्री राम नरेश यादव
(C) श्री चंद्रभानु गुप्त
(D) डॉ. सम्पूर्णानंद

**49.** उत्तर प्रदेश में कुंभ मेला, _________ यमुना और पौराणिक सरस्वती, नदियों के संगम पर मनाया जाता है।
(A) बेतवा (B) घग्गर
(C) गंगा (D) नर्मदा

**50.** 'चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय', उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?
(A) वाराणसी (B) फतेहपुर
(C) लखनऊ (D) कानपुर

**51.** उत्तर प्रदेश विधान सभा में कितने निर्वाचित सदस्य होते हैं?
(A) 403 (B) 396
(C) 420 (D) 346

**52.** सारनाथ, वह पवित्र स्थान जहाँ भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था, वह निम्नलिखित किस शहर के बहुत नजदीक स्थित है ?
(A) मथुरा (B) अयोध्या
(C) झाँसी (D) वाराणसी

**53.** इखलास खान का रोजा (मकबरा) उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित किस जिले में स्थित है ?
(A) मेरठ (B) सहारनपुर
(C) झाँसी (D) बदायूँ

**54.** उत्तर प्रदेश राज्य का कौन–सा जिला नेपाल के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है ?
(A) पीलीभीत (B) श्रावस्ती
(C) सीतापुर (D) महाराजगंज

**55.** उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले में केन्द्र सरकार की अफीम की फैक्ट्री स्थित है ?
(A) वाराणसी (B) गाजीपुर
(C) बलिया (D) कानपुर

**56.** अप्रैल 2018, में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गंगा नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में हरित क्षेत्र को बढ़ाने और मृदा अपरदन को रोकने के लिए निम्न में से किस योजना की शुरुआत की गयी ?
(A) नमामि गंगे (B) गंगा हरीतिमा
(C) क्लीन गंगा (D) सेव गंगा

**57.** निम्नलिखित में से कौन–सा यूपी पुलिस विभाग की चयन प्रक्रिया के चरणों में से एक नहीं है ?
(A) शारीरिक परीक्षण (B) शैक्षिक योग्यता
(C) आयु पात्रता (D) भाषा परीक्षण

**58.** पहली जनवरी, 1845 को उत्तर प्रदेश ने ........ नामक पहला हिंदी समाचार पत्र निकाला, जिसे गोविन्द रघुनाथ ने सम्पादित किया था।
(A) सरस्वती (B) बनारस अखबार
(C) हंस (D) जागरण

**59.** छठी सदी बी.सी. के दौरान उत्तर प्रदेश के किन क्षेत्रों को 'चेदि' कहा जाता था?
(A) बुंदेलखंड (B) अवध
(C) अंग (D) अवंती

**60.** प्राचीन भारत में, जमदग्नि ऋषि का आश्रम, जमानिया में था, जो कि वर्तमान उत्तर प्रदेश के ................ जिला में स्थित है।
(A) लखनऊ (D) गाजीपुर
(C) वाराणसी (D) सीतापुर

**61.** मुरादाबाद, .............. के कार्य हेतु प्रसिद्ध है और उसने विश्वभर में हस्तकला उद्योग में अपना उच्च स्थान बनाया है।
(A) पीतल (B) तांबा
(C) हीरा (D) स्टील

**62.** लखनऊ घराना निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(A) संगीत और नृत्य (B) हथकरघा
(C) साहित्य (D) अनुष्ठान

**63.** उत्तर प्रदेश को महिलाओं से सम्बन्धित पहली पत्रिका ................ 1847 में प्रकाशित करने का भी श्रेय जाता है, जिसके सम्पादक भारतेंदु हरिश्चन्द्र थे।
(A) बाल बोधिनी (B) सरस्वती
(C) सितारे हिन्द (D) उदंत मार्तण्ड

**64.** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ............ में स्थित है।
(A) गोरखपुर (B) हस्तिनापुर
(C) आज़मगढ़ (D) मऊ

**65.** उत्तर प्रदेश पुलिस का मुख्यालय कहाँ स्थिति है?
(A) बरेली (B) प्रयागराज
(C) नोएडा (D) मेरठ

**66.** इनमें से कौन भू-संसाधनों के उत्पादक और उपभोक्ता हैं?
(A) पौधे (B) सरीसृप
(C) मानव (D) ग्रह

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सा वनों की कटाई का परिणाम नहीं है?
(A) प्रकृति के समग्र संतुलन में गड़बड़ी
(B) पृथ्वी पर प्रदूषण के स्तर में वृद्धि
(C) वायुमंडल में ऑक्सीजन के स्तर में वृद्धि
(D) भूजल के स्तर में कमी

**68.** जीवाश्म ईंधन के जलने से होने वाले प्रदूषण को कम करने के तरीके की पहचान करें।
(A) गुप्त ऊष्मा को कम करके
(B) कार्बन अणुओं की संख्या में वृद्धि करके
(C) दहन प्रक्रिया की दक्षता में वृद्धि करके
(D) प्रदाह का तापमान कम करके

**69.** शेषचलम बायोस्फीयर रिजर्व किस राज्य में स्थित है?
(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र
(C) आंध्र प्रदेश (D) तमिलनाडु

**70.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का पर्यावरणीय आंदोलन/विरोध सीधे पेड़ों की कटाई से सम्बन्धित है?
(A) चिपको आंदोलन
(B) सेव साइलेंट वैली मूवमेंट
(C) टिहरी बांध विरोध
(D) नर्मदा बचाओ आंदोलन

**71.** पृथ्वी शिखर सम्मेलन, 1992 के एजेंडा 21 में, 21 का क्या अर्थ है?
(A) 21 महीने
(B) 21 आधिकारिक वार्ताएँ
(C) 21वीं सदी
(D) 21 राष्ट्र

**72.** भोपाल गैस त्रासदी में जान गँवाने वाले लोगों की याद में प्रतिवर्ष.......... को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है।
(A) 15 जुलाई (B) 23 अक्टूबर
(C) 6 नवंबर (D) 2 दिसंबर

**73.** 'संयुक्त राष्ट्र' सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन–सा SDG-10 है?
(A) बेहतर कार्य और आर्थिक विकास
(B) जलवायु कार्रवाई
(C) भूख की समाप्ति
(D) कम असमानताए

**74.** वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2022 को_________ को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई।
(A) 14 दिसंबर, 2022
(B) 19 दिसंबर, 2022
(C) 17 दिसंबर, 2022
(D) 10 दिसंबर, 2022

**75.** दिन के किस समय पानी में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा सबसे कम हो जाती है?
(A) शाम के समय में
(B) रात के समय में
(C) दोपहर में
(D) भोर में

**76.** निम्नलिखित स्वतंत्रता सेनानियों में से किसे देशबंधु के नाम से जाना जाता है ?

(A) गोपाल कृष्ण गोखले

(B) भगत सिंह

(C) सुभाष चंद्र बोस

(D) चित्तरंजन दास

**77.** निम्नलिखित में से कौन बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक के संस्थापक हैं ?

(A) अब्दुस सलाम (B) मुजफ्फर अहमद

(C) मुहम्मद यूनुस (D) महबूब उल हक

**78.** प्रसिद्ध स्थान जलियाँवाला बाग का संबंध किस व्यक्ति से है ?

(A) अकबर (B) जनरल डायर

(C) गौतम बुध (D) शाहजहां

**79.** उदय भूमि किस व्यक्ति का समाधि स्थल है?

(A) फखरुद्दीन अली अहमद

(B) के. आर. नारायण

(C) ज्ञानी जैल सिंह

(D) नीलम संजीव रेड्डी

**80.** 'स्टेच्यू ऑफ पीस' भारत के किस राज्य में अवस्थित है ?

(A) मध्य प्रदेश (B) राजस्थान

(C) गुजरात (D) हिमाचल प्रदेश

## गणित

**81.** तालिका का ठीक से अध्ययन करें और आँकड़े की व्याख्या करके उत्तर दें।
तालिका में एक राज्य में पाँच जिलों में गरीबी रेखा से नीचे जनसंख्या का प्रतिशत और पुरुषों और महिलाओं का अनुपात दर्शाया गया है।

| जिला | गरीबी रेखा से नीचे जनसंख्या का प्रतिशत | पुरुषों और महिलाओं का अनुपात | |
|---|---|---|---|
| | | गरीबी रेखा से नीचे (M : F) | गरीबी रेखा से ऊपर (M : F) |
| D1 | 15 | 2 : 3 | 3 : 2 |
| D2 | 18 | 3 : 4 | 7 : 5 |
| D3 | 20 | 2 : 5 | 3 : 4 |
| D4 | 25 | 5 : 2 | 4 : 3 |
| D5 | 12 | 3 : 7 | 2 : 7 |

यदि जिला D4 की कुल जनसंख्या 35,000 है, तो जिला D4 में गरीबी रेखा से ऊपर महिलाओं की संख्या कितनी है?

(A) 14,240 (B) 11,250

(C) 12,450 (D) 10,500

**82.** निम्न तालिका में वर्ष 1984-85 से 1989-90 के लिए राष्ट्रीय आय और देश की जनसंख्या को दर्शाया गया है।


| वर्ष | राष्ट्रीय आय (करोड़ में) | जनसंख्या (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1984-85 | ₹ 229.225 | 74.0 |
| 1985-86 | ₹ 261.174 | 75.0 |
| 1986-87 | ₹ 291.556 | 77.0 |
| 1987-88 | ₹ 329.200 | 78.5 |
| 1988-89 | ₹ 389.500 | 80.0 |
| 1989-90 | ₹ 434.500 | 81.5 |

1987-88, 1988-89 और 1989-90 के वर्षों के लिए औसत राष्ट्रीय आय (करोड़ में) कितनी थी?

(A) ₹ 396.2 (B) ₹ 398.2

(C) ₹ 392.4 (D) ₹ 384.4

**83.** निम्न ग्राफ दिए गए वर्षों में दो कंपनियों को होने वाले लाभ में प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है।





दिए गए सभी वर्षों में कंपनी M के वर्षवार लाभ में प्रतिशत वृद्धि का औसत कितना है? [अपना उत्तर निकटतम पूर्णांक में दें।]

(A) 25% (B) 20%

(C) 21% (D) 24%

**84.** नीचे दिए गए रेखा आलेख में पाँच वर्षों में एक कम्पनी की आय (income) और व्यय (expenditure) को दर्शाया गया है।





वर्ष P और Q में कुल आय वर्ष S और T में किए गए कुल व्यय से कितने प्रतिशत अधिक है?

(A) 29 प्रतिशत (B) 340 प्रतिशत

(C) 380 प्रतिशत (D) 220 प्रतिशत

**85.** नीचे दिए गए रेखा आलेख में दो छात्रों P और Q द्वारा 6 विषयों में प्राप्त किए गए अंकों को दर्शाया गया है।




निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है?

I. P द्वारा $S_1$ और $S_2$ में प्राप्त किए गए अंकों का औसत 70 है।

II. Q द्वारा $S_3$ में प्राप्त किए गए अंकों और $S_4$ में प्राप्त किए गए अंकों का अनुपात 13 : 7 है।

(A) न तो I और न ही II

(B) केवल I

(C) I और II दोनों

(D) केवल II

**86.** दी गई तालिका का अध्ययन करें जो भारत के पाँच अलग–अलग राज्यों से UPSC परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की संख्या को दर्शाता है और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।

| राज्य → ↓ वर्ष | आ.प्र. | उ.प्र. | म.प्र. | पंजाब | केरल |
|---|---|---|---|---|---|
| 2014 | 280 | 300 | 250 | 500 | 440 |
| 2015 | 320 | 400 | 280 | 450 | 400 |
| 2016 | 260 | 450 | 240 | 320 | 350 |
| 2017 | 400 | 500 | 400 | 500 | 380 |
| 2018 | 350 | 430 | 540 | 410 | 420 |

2016 और 2017 में आन्ध्र प्रदेश से UPSC परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की कुल संख्या का इन्हीं वर्षों में उत्तर प्रदेश से बैठने वाले छात्रों से अनुपात कितना है?

(A) 66 : 95 (B) 85 : 52

(C) 2 : 6 (D) 15 : 7

### निर्देश (प्रश्न संख्या 87 से 90 तक)

दी गई तालिका एक कक्षा में विभिन्न छात्रों के अंक दर्शाती है। तालिका का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

| | अंक (50 में से) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र का नाम | भौतिक विज्ञान | रसायन विज्ञान | गणित | अंग्रेजी | संस्कृत |
| A | 48 | 47 | 49 | 46 | 44 |
| B | 29 | 33 | 22 | 15 | 30 |
| C | 35 | 36 | 42 | 40 | 29 |
| D | 46 | 49 | 48 | 48 | 40 |
| E | 32 | 30 | 25 | 21 | 22 |

**87.** किस छात्र ने कुल अंकों का सबसे कम प्रतिशत प्राप्त किया ?
(A) E (B) B
(C) C (D) D

**88.** A, B, C, D और E में से किसी छात्र द्वारा प्राप्त अंकों का अधिकतम प्रतिशत (किसी भी छात्र द्वारा सभी विषयों में प्राप्त प्रतिशत का औसत) क्या है?
(A) 93.40% (B) 93.60%
(C) 92.60% (D) 92.40%

**89.** किन दो छात्रों के बीच अंकों का अन्तर सबसे कम है?
(A) B और C (B) A और D
(C) B और E (D) E और D

**90.** यदि हम सभी पाँचों विषय के आधार पर छात्रों को रैंक में व्यवस्थित करते हैं और फिर हम उन्हें केवल भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित के आधार पर रैंक में व्यवस्थित करते हैं, तो दोनों स्थितियों में रैंक की व्यवस्था क्या होगी?
(A) सभी रैंक अलग होंगी
(B) दोनों स्थितियों में समान रैंक रहेंगी
(C) केवल शीर्ष दो रैंक अलग होंगी
(D) केवल नीचे की दो रैंक अलग होंगी

## सामान्य हिंदी

**91.** प्रयत्न के आधार पर 'ल' किस प्रकार की ध्वनि है?
(A) उत्क्षिप्त (B) पार्श्विक
(C) प्रकम्पित (D) संघर्षहीन

**92.** 'अत्यल्प' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?
(A) अत्य + अल्प (B) अति + यल्प
(C) अति + अल्प (D) अत्य + ल्प

**93.** एक से अधिक उपसर्गों से बना शब्द है—
(A) असुरक्षित (B) बेईमान
(C) अनपढ़ (D) निर्वाह

**94.** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्सम शब्द है?
(A) स्थायी (B) केवड़ा
(C) केतकी (D) करेला

**95.** "बच्चों के लिए मिठाई लाइए।"—इस वाक्य में कौन-सा कारक है?
(A) अधिकरण कारक (B) संबंध कारक
(C) संप्रदान कारक (D) अपादान कारक

**96.** निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें, जो सही वाक्य भेद का विकल्प है—
माँ ने कहा था कि उन्हें बाजार जाना है।
(A) मिश्र वाक्य
(B) संयुक्त वाक्य
(C) निषेधवाचक वाक्य
(D) संकेतवाचक वाक्य

**97.** मिश्रित तथा संयुक्त वाक्यों में विरोध का भाव प्रकट करने के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है?
(A) योजक चिह्न (B) कोष्ठक
(C) उपविराम (D) अर्द्ध विराम

**98.** 'अलि–अली' शब्द युग्म का सही अर्थ है—
(A) कंधा–हिस्सा (B) भौंरा–सखी
(C) दमन–दामन (D) दसन–दर्शन

**99.** "मंदिर–मंदिरा" युग्म का उपयुक्त अर्थ वाला युग्म कौन–सा होगा?
(A) पूजाघर – पुजारी
(B) घर – सवारी
(C) गुफा – बड़ी गुफा
(D) देवालय – अश्वशाला

**100.** निम्नलिखित में से किसका प्रयोग अधिकतर भारतीय गजटों में प्रकाशित सरकारी नियम, आदेश आदि की सूचना के प्रसंग में होता है?
(A) पत्र (B) परिपत्र
(C) अधिसूचना (D) कार्यालय आदेश

❑❑